हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 15 अक्तूबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण www.livehindustan.com
Page No: 08 Middle

एसआर और विद्या भवन में फाइनल

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में एसआर इंटरनेशनल और विद्या भवन पब्लिक स्कूल ने प्रवेश कर लिया। रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में सेंट फ्रांसिस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 98 रन बनाए। पियूष पटेल ने सर्वाधिक 26 रनों की पारी खेली। एसआर के लिए निखिल सक्सेना ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए। एसआर इंटरनेशनल की टीम ने 18.4 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। ओम अग्रवाल ने 33, अभिरूप ने 27 और पीयूष ने 23 रनों की पारी खेली। निखिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में मानस स्थली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 92 रन बनाए।